दैनिक ऑनलाइन अखबार

# राजस्थान फर्स्ट न्यूज

आप भी अपने से जुड़े समाचार, लेख तथा सुझाव भेजने के लिए कृपया नीचे दिए गए व्हाट्सऐप नंबर पर संपर्क करें।
9462667614

वर्ष 1, अंक 09 | मंगलवार | बीकानेर 31 मार्च, 2026

## भाजपा के स्थापना दिवस पर बूथ स्तर पर होंगे कार्यक्रम

### संभाग कार्यालय में हुई शहर और देहात कार्यकर्ताओं की बैठक





**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** भारतीय जनता पार्टी शहर और देहात की ओर से आगामी 6 अप्रैल स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा संभाग मुख्यालय में आयोजित की गई। शहर और देहात की अलग-अलग बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़ और देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने की। बैठक में स्थापना दिवस कार्यक्रम के प्रदेश सह संयोजक रघुनाथ नरेडी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता रघुनाथ नरेडी ने कहा कि स्थापना दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 6 अप्रैल को ध्वजारोहण, सजावट, साहित्य वितरण एवं बूथ स्तर पर सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 8 और 9 अप्रैल को जिला स्तरीय सम्मेलनों का आयोजन होगा, जिनमें संगठन विस्तार, पार्टी की विचारधारा एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही 7 से 12 अप्रैल तक गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जनसंवाद करेंगे तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल विश्नोई ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही लाभार्थियों से संपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा कि स्थापना दिवस कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाएं। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दिलीप सिंह राजपुरोहित ने किया।

जिला मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया कि बैठक में प्रभारी बलवीर विश्नोई, संस्कृति प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सुरेंद्र सिंह चारण, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चारण, महामंत्री कैलाश विश्नोई, उपाध्यक्ष जसवंत दईया, राजपाल शेखावत, हेमनाथ जाखड़, जिला मंत्री राजाराम ओझा, प्रवक्ता महेंद्र ढाका, सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं शहर की बैठक के सम्बंध में मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र सिंह चारण, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, जिला महामंत्री राजेंद्र पवार, कौशल शर्मा, मोतीलाल हर्ष, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने अपने विचार व्यक्त किया।

## 12वीं बोर्ड में विंग्स के होनहारों का कमाल

### एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 90 प्रतिशत




**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** आज मंगलवार को 12वीं बोर्ड का सुबह 10 बजे रिजल्ट जारी किया गया। प्रदेश में पहली बार है जब मार्च महीने में सभी कक्षाओं के रिजल्ट जारी किया गया है। दसवीं के परिणामों में संभाग का टॉपर देने वाली विंग्स एकेड्मी के होनहारों का 12वीं में भी परिणाम शानदार रहा।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान बोर्ड अजमेर की और से कक्षा 12 कला व वाणिज्य वर्ग का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें विंग्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कला व वाणिज्य वर्ग का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।कला वर्ग में प्रिया सुथार और सुशीला बिश्नोई ने 97 प्रतिशत, राखी सोनी ने 96.8, अक्षया सारस्वत ने 96.4, रानी सुथार ने 96.2, शुभ जनागल ने 95.6 तथा वाणिज्य वर्ग में महिमा पारीक ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कला व वाणिज्य वर्ग में 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए व कुल 46 में से 41 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। संस्था निदेशक नरोत्तम स्वामी, संस्था प्रधानाध्यापिका ज्योति खत्री, संस्था व्यवस्थापक सोमेश्वर स्वामी, इंजीनियर अशोक स्वामी और सीए निर्मल स्वामी ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर साफा व माला पहनाकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। निदेशक नरोत्तम स्वामी ने बताया कि विधालय में कक्षा 11-12 की पढ़ाई के साथ साथ सीए, सीएस, क्लेट, सीयूईटी, एसएससी-10+2 की तैयारी कराई जाती हैं। मंच का संचालन महेश गौड़ ने किया। बता दें कि विंग्स इंटरनेशनल लगातार उत्कृष्ट परिणामों के लिए पहचाना जाता है। विंग्स इंटरनेशनल के विद्यार्थी भुवन छंगाणी ने इस बार संभाग में टॉप करते हुए 99.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## 12वीं के रिजल्ट में अरूणोदय के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**राजस्थान फर्स्ट न्यूज, बीकानेर।** अरुणोदय विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, गंगाशहर का कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत सराहनीय एवं उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अनुशासन, मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। शाला संचालक अभिषेक आचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 कला वर्ग में 15 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा वाणिज्य वर्ग में 5 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में तथा विज्ञान वर्ग 6 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समर्पित प्रयासों का परिणाम है। शाला के निदेशक रामचंद्र आचार्य ने बताया कि विद्यालय की होनहार छात्रा चंचल सोनी ने 95 प्रतिशत अंक तथा अपर्णा चावड़ा 91, आयुषी सोनी, ओमप्रकाश सेठिया ने 90 प्रतिशत, सुजल टाक 90 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। आचार्य ने बताया कि 10 में 40 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी व आठवीं में 34 विद्यार्थियों ने ए-ग्रेड तथा 5वीं में 10 विद्यार्थियों ने बी-ग्रेड प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य मंजू सुरोलिया, श्याम निर्मोही, मनीष जोशी, पिंकी सोनी, तरुण सुथार, कमल पंडित, बुलाकी गिरी आदि समस्त शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं साथ ही उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की लगन, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का संयुक्त प्रतिफल है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने का विश्वास व्यक्त किया।

## चार पुलिस अधिकारियों के सेवानिवृत पर किया गया सम्मान

**राजस्थान फर्स्ट न्यूज, बीकानेर।** बीकानेर जिले के 4 पुलिस अधिकारियों की सेवानिवृत्ति पर राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह थाना सदर परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग से अपनी शानदार सेवाऐं पूरी कर सेवानिवृत होने वाले पुलिस अधिकारी सर्व देवीदान, दिलीप सिंह, मोहन लाल हैड कानिस्टेबल एवं रोहिताश कानिस्टेबल को संस्थान द्वारा भावभीनी विदाई और भव्य अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हरिराम गहलोत ने की इस दौरान उन्होने कहां कि पुलिस विभाग से सेवानिवृत्ति केवल एक सरकारी प्रक्रिया है, लेकिन समाज के प्रति सेवा का भाव कभी समाप्त नही होता है। प्रदेश महासचिव सलावत खा ने अपने संबोधन मे कहां कि इन साथियों ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी ड्यूटी बखूबी अंजाम दिया। सेवानिवृत हो रहे साथियों के कार्यकौशल की सराहना करते हुए कहां कि इन साथियों का अनुभव आने वाले समय में संस्थान और समाज के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगा। संभागीय अध्यक्ष जगमालाराम बिस्सु ने सेवानिवृत कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे संस्थान के साथ जुडकर सामाजिक सरोकारों में भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया और संस्थान की सक्रियता पर हर्ष जताया।

इस समारोह मे विभिन्न सेवानिवृत पुलिस अधिकारी व पुलिस परिवार के सदस्यो ने शिरकत की, जिससे कार्यक्रम की गरिमा बढ गई। समारोह मे सेवानिवृत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अरूण आहूजा, श्रीकृष्ण मीणा, हरिराम गहलोत, बन्ने सिंह, ओम प्रकाश चैधरी, सलावत खां, जगमालराम बिस्सु, सुखदेव व्यास, महेन्द्र तिवारी, धन्नेसिह राठौड, सतीष यादव, चंवर सिंह शेखावत, प्रताप सिंह, राजवीर सिंह, मनीराम यादव, भवानी सिंह, विजय दान, अनूपसिंह, बनवारी लाल, भैरूसिंह राजवी, श्रवणराम विश्नोई, निरंजन शर्मा, महबूब अली, हीरालाल, चन्द्र प्रकाश, मेधसिंह राजपुरोहित, राधाकिशन, रामगोपाल राजपुरोहित, असगर मोहम्मद के अलावा अन्य अनेक सेवानिवृत अधिकारी और कार्मिक भी मौजूद रह कर सेवानिवृत हो रहे भी 4 पुलिस कर्मियों को साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर और समृति चिन्ह भेंट कर भव्य अभिनंदन और स्वागत किया गया तथा जिला सचिव चंवर सिंह राठौड द्वारा इस अवसर पर आये सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## विभिन्न क्षेत्रों में कल गुल रहेगी बिजली

**राजस्थान फर्स्ट न्यूज,बीकानेर।** बीकानेर शहर के निम्न क्षेत्रों में विद्युत तंत्र के रख रखाव के लिए 01 अप्रैल को प्रात 08 से 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। शहीद दिलीप गैस एजेंसी,एम पी कॉलोनी, सेक्टर 14, 17 क़ब्रिस्तान एम पी नगर कॉलोनी आइडियल पब्लिक स्कूल के निकट बिजली गुल रहेगी।

## डीजीपी आएंगे बीकानेर, लेंगे अहम बैठक

**राजस्थान फर्स्ट न्यूज, बीकानेर/जयपुर 31 मार्च।** प्रदेश की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिसिंग को धार देने के लिए महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा 2 अप्रैल को बीकानेर रेंज की समीक्षा बैठक लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीजीपी बुधवार शाम को बीकानेर पहुंच जाएंगे, जहां वे अगले दिन रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में बीकानेर रेंज आईजी सहित रेंज के चारों जिलों बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर और चुरू जिले के पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बैठक के दौरान डीजीपी रेंज में अपराध की स्थिति, गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ की गई कार्रवाई, पेंडिंग मामलों के निस्तारण की गहन समीक्षा करेंगे। साथ ही साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और पुलिसिंग के आधुनिकीकरण जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।